विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर आज खंडवा आएंगे

खंडवा। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर 15 अप्रैल को खंडवा आएंगे, तथा जिले के नेतनगांव एवं ओंकारेश्वर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर खंडवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 15 अप्रैल को गोवा एक्सप्रेस से सुबह 7 बजे खंडवा आएंगे। श्री तोमर खंडवा से प्रातः 10 बजे रवाना होकर प्रातः 11 बजे पुनासा तहसील के ग्राम नेतनगांव में पूर्व सांसद स्व.श्री नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधान सभा अध्यक्ष श्री तोमर दोपहर 1.30 बजे ग्राम नेतनगाँव से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे ओंकारेश्वर पहुंचेंगे और वहां भगवान श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन करेंगे। श्री तोमर दोपहर 3.30 बजे ओंकारेश्वर से प्रस्थान कर शाम 5 बजे वापस खंडवा सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा रात्रि 7.20 बजे कर्नाटक एक्सप्रेस से खंडवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

उर्वरक का अग्रिम भंडारण करें किसान

खंडवा। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी जरूरत के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम भंडारण करें, ताकि उर्वरक की आवश्यकता के समय उन्हें परेशानी ना हो। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से उर्वरक का शतप्रतिशत वितरण ई-टोकन के माध्यम से ही किया जाना है। कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों के बीच पहुंचकर, उन्हें उर्वरक के अग्रिम भंडारण के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक और पंचायत सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सभी किसानों के ई-टोकन बनवाएं, ताकि किसान भाई आसानी से उर्वरक प्राप्त कर सकें। इसके लिए अधिकारी कर्मचारियों की ग्रामवार ड्यूटी लगाई है।

राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ महेश्वर में संपन्न हुई प्रमुख जन गोष्ठी

महेश्वर।(इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड महेश्वर के तत्वाधान में सोमवार को यमुना कुंज धर्मशाला में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का गरिमामई आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें अधिवक्ता,डाक्टर, व्यवसाई पत्रकार के साथ प्रबुद्धजनों की सहभागिता रही। युगाब्द 5128 और विक्रम संवत 2083 की शुभ बेला में आयोजित इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व मालवा प्रांत के सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख मनीष नीम (इंदौर) ने राष्ट्र के पुनर्निर्माण, धर्म के पुनर्जागरण और सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना के 100 वर्षों के निरंतर सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समय में देश की प्रगति के लिए युवाओं को तैयार करना सबसे अनिवार्य कार्य है, क्योंकि प्रबुद्ध शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक आधारशिला है। संघ की कार्यपद्धति और समाज के विभिन्न प्रकल्पों के बीच समन्वय स्थापित करने पर गहन चर्चा की गई। गोष्ठी के दौरान स्पष्ट किया कि संघ समाज को संगठित कर राष्ट्र-कार्य में हर व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करना चाहता है। कार्यक्रम के अंत में खंड संघ चालक महादेव पाटीदार ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जहां सभी प्रबुद्धजनों ने मोबाइल शांत रख पूर्ण एकाग्रता के साथ सत्र की सार्थकता सिद्ध की। इस अवसर पर अनिल पाटीदार महेश पाटीदार ,मनोज पाटीदार , बख्शी राम यादव , गिरधारी राठौड़ , शिव शंकर रोकड़े , हरीश दुबे , रामदास शर्मा नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और पत्रकार साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने राष्ट्र-हित के इस वैचारिक विमर्श में अपने विचार साझा किए।

सेन जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

नीमच। सेन जयंती पर मनासा नगर में सेन समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। रथ पर सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन जी भगवान की बडी तस्वीर रुपी प्रतिमा के साथ नगर मे भव्य चल समारोह निकाला गया । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेन समाज तहसील मनासा के तत्वावधान में दोपहर 4बजे रघुनाथ मंदिर अनुपपुरा गली से संत शिरोमणि सेनजी महाराज का चल समारोह बैंड बाजे,ढोल ढमाको के साथ मंदिर से नानक साई की ईमली,खडाखेर गली,सदर बाजार, बडा मंदिर, अनुपपुरा गली,शमशान घाट रोड होते हुए ;सेन समाज की धर्मशाला में पहुचा। चल समारोह में पुरुषों ने सफेद कुर्ता पयजामा,महिलाओं ने लाल साडी पहन रखी थी ;सभी सेन समाज के समाजजन बैंड बाजो पर भजनो केगीतो पर नाचते हुए चल रहे थे। चल समारोह समाज धर्मशाला शमशान घाट पहुचा जहाँ समाजजनो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेन समाज के वरिष्ठ दीपक गेहलोत, सेन समाज तहसील अध्यक्ष दशरथ सेन, केश शिल्पी संघ तहसील अध्यक्ष सुनील सेन,तहसील युवा अध्यक्ष दिनेश खिंची,नगर अध्यक्ष जगदीश बौराना,नगर युवा अध्यक्ष राहुल सौलंकी,धर्म शाला अध्यक्ष प्रहलाद खिंची किशोर सेन,गौरव सेन,मनोज राठौर(सेन),प्रवीण गेहलोत सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।कार्यक्रम पशचात सभी का सामुहिक भोज संपन्न हुआ।

:: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता **श्री लोकेश पिता श्री कंचनसिंह ठाकुर निवासी चौली तहसील महेश्वर जिला खरगोन** के मालिक स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम **चोली तहसील महेश्वर** में स्थित होकर खसरा क्रमशः 286/6/1/2, 286/6/1/1/2 रकबा क्रमशः 0.680 है, 0.381 हे. कुल रकबा 1.081 हे. भूमि राजस्व रेकार्ड में विक्रेतागण के नाम से दर्ज होकर मेरे पक्षकार ने उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को विक्रेतागण से क्रय करने का सौदा तय किया गया होकर मेरे पक्षकार ने विक्रेता को बयाना राशि अदा कर दी है। उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति/पारिवारिक सदस्य/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे समक्ष 03 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त कृषि भूमि का नियत अवधि में विक्रयपत्र पंजीयन करवा लिया जावेगा, बाद कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधक कारक नहीं रहेगी। सो सूचित होवे।

वर्षा शुक्ला (एडवोकेट)
महेश्वर, मो. 81094-94071

हक और अधिकार की आवाज उठाने के लिए युवा पीढ़ी का शिक्षित होना जरूरी : डॉ.तिवारी

नीमच। जिन विपरीत परिस्थितियों में बाबा साहेब अंबेडकर ने शिक्षित होकर जो मुकाम हासिल किया वो हर किसी के बस की बात नही है । लेकिन अब वो हालात नही है अपने बच्चों को शिक्षित बनाओगे तो वे अपने हक और अधिकार के लिए उचित प्लेटफार्म पर बात रख सकेंगे ।

मनासा नगर परिषद द्वारा नगर में बाबा साहेब के साथ ही सरदार पटेल, महाराणा प्रताप और देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा लगाई जाएंगी। बाबा साहेब की प्रतिमा आगामी 14 अप्रेल से पहले नगर में परिषद द्वारा लगाई जाएंगी। उक्त आशय के विचार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती नगर परिषद सभा कक्ष में मंगलवार को बाबा साहेब को याद करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष डॉक्टर सीमा तिवारी ने व्यक्त किए । इस अवसर पर जनप्रतिनिधी , प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया । नगर परिषद ने बाबा साहेब के अगले साल आने वाले जन्म दिन से पहले नगर में उनकी प्रतिमा लगाने का संकल्प भी लिया । परिषद सभा कक्ष में संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा तिवारी, एसडीएम किरण आंजना, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, सीएम प्राचार्य बीएल बसेर, बांड एंबेसेडर अजय तिवारी अतिथि बतौर मंचासीन थे। आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की एसडीएम किरण आंजना ने कहा कि महिलाओं और दलितों के लिए बाबा साहेब ने जिस संघर्ष के बीच में काम कर महिलाओं को आत्म सम्मान से जीने का जो अधिकार दिलाया है वो अविस्मरणीय है शिक्षा के बूते पर उन्होंने पुरे विश्व को एक संदेश देने और समाज के अंतिम व्यक्ति को अधिकार देने का काम किया है जीवन बदलना है ओर बाबा साहेब के सपने को पुरा करना है तो हमें आने वाली पीढी को अच्छी शिक्षा दिलानी होगी और उन्हें जागरूक करना होगा एसडीएम ने सफाई कर्मियों से कहा कि वे अपने बच्चों को पारंपरिक व्यवसाय से जोडने की बजाए उन्हें अच्छा पढ़ाए प्रशासन हर स्तर पर उनकी मदद करेगा। अजय तिवारी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें मानवीय मूल्यों के साथ ही जीने का संदेश देता है । तिवारी ने कहा कि उनका संघर्ष, और समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए किया गया संघर्ष की बदौलत हमारा देश विश्व का प्रतिनिधित्व कर रहा है । बाबा साहेब की जन्म जयंती पर नगर परिषद ने अस्थाई सफाईकर्मी आशा बाई सुरेश वाल्मिकी को स्थाई कर्मचारी का नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मान किया । परिषद अध्यक्ष , एसडीएम और सीएमओ ने सम्मान किया इस अवसर पर, मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, बीएल बसेर, पार्षद प्रवीण जोनवाल, भेरू प्रसाद परमार, लालचंद राठौर, दशरथ खाटवा, मदनलाल मौर्य , एल्डरमेन वंदना व्यास , बाबू विजयवर्गीय, अनिल राठौर, विकास कुशवाह, सहित कर्मचारी , एंव सफाईकर्मी उपस्थित थे संचालन नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने किया और आभार बंशीलाल धनोतिया ने माना।

माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर द्वारा धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

महेश्वर। (इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। मंगलवार को संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर में भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन, उनके विचारों एवं समाज सुधार में दिए गए योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, गायन, भाषण तथा नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा के महत्व, संविधान की गरिमा एवं मानव अधिकारों जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टर एवं चित्रकला के माध्यम से बाबा साहब के संघर्ष पूर्ण जीवन और उनके आदर्शों को रचनात्मक रूप में दर्शाया गया। संस्था की प्रभारी प्राचार्य करुणा ठाकुर ने अपने संबोधन में बाबा साहब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्राओं को बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और शिक्षा को अपने जीवन का मुख्य आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका सुरभि जोशी के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने सभी का मन मोह लिया। इस नाटक के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं पूजा पटेल के निर्देशन में छात्राओं ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। शिक्षक शेखर भूरिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब ने न केवल संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में संतोष गायकवाड़, हरीश ठाकुर, किरण पाटीदार, प्रिया सेन, बृजेश उपाध्याय, भारत शास्त्री, गरिमा कुशवाह, दिव्यांका तंवर सहित समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन सुषमा शास्त्री द्वारा किया गया। अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई

भगवानपुरा । हमारे समाज को सभ्य,स्वतंत्र समाज बनाने और हमें अपने अधिकार देने हेतु संविधान का निर्माण करने वाले भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती नवांकुर संस्था नन्हेश्वर जन सेवा संस्थान भगवानपुरा द्वारा मनाई गई जिसमें म. प्र. जन अभियान परिषद् द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति भगवानपुरा अध्यक्ष शांतिलाल खोडे, एवं मवासी ठाकुर विकास समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार भुसारिया, मुकेश भुसवारे ने बाबा भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही पिछड़े हुए समाज जनों को शिक्षा और रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया गया महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं कुरीतियां दुर करने हेतु समाज को संगठित करने पर चर्चा की गई तय किया गया की गरीब परिवारों को चिन्हांकित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा संविधान ने हमें जो अधिकार दिया है हम उन्हें समझे और समाज को उन अधिकारों से अवगत कराये ताकि बाबासाहेब आंबेडकर जी का उद्देश्य पुर्ण हो सके इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक महेश खराड़े नवांकुर संस्था प्रतिनिधि दिनेश महाजन, पप्पू गोपाल, परामर्शदाता कान्हा जायसवाल, मांगीलाल डावर, प्रसफुटन समिति के शांतिलाल खोड़े आदि उपस्थित रहे।

शहर में तीन नए थाने खोलने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा

इंदौर 'शहर में अपराधों के नियंत्रण के लिए .तीन नए थाने खोलने का प्रस्ताव इंदौर पुलिस कमिश्नर कार्यालय ने बनाकर मुख्यालय को भेजा है ।वही तीन थानों के लिए बल मांगा गया है सिंहस्थ को लेकर .इंदौर पुलिस की तैयारी में ड्यूटी है .एडिशनल कमिश्नर आर के . ने बताया कि शहर में चार नए यातायात थाने खोलने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है .इसके अलावा शहर में तीन नए थाने सुपर कॉरिडोर महालक्ष्मी नगर और धार रोड थाने का एक प्रस्ताव भी बनाकर मुख्यालय को भेजा गया है .

शा. पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

महेश्वर। (इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। मंगलवार को शासकीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। छात्राओं ने समानता, स्वतंत्रता, सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी ने समाज में भेदभाव को समाप्त कर समतामूलक व्यवस्था स्थापित करने का संकल्प भी लिया। मुख्य अतिथि सुनील गाडगे ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका सपना एक ऐसे समाज का निर्माण करना था, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिले। वहीं मनोज गौड़ ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को सबसे बड़ी शक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है, इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रभारी प्राचार्य प्रवीण भावसार ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के प्रसिद्ध विचार को उद्धृत करते हुए कहा कि 'शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे पीता है वह दहाड़ना सीख जाता है।' उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के महत्व को समझते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भाषण, कविता एवं प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया, जिससे पूरे विद्यालय में जागरूकता और प्रेरणा का वातावरण निर्मित हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रवीण भावसार, राजेंद्र उपाध्याय, बाबूलाल साहू, भास्कर राव भंगाडे, दीपशिखा शर्मा, नरेंद्र वर्मा, मनोहर धनगर, चंचला सोनी, मंजू सिंह सागर, शारदा चौहान,सुमति सिंगरे, रानु खान,मंजुला मंडलोई, रितु बघेल, रंजना वर्मा एवं दुर्गेश सिंह मंडलोई सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस आयोजन ने छात्राओं को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा दी।

जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

कहा-पेशेंट्स को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए मरीजों से मिले, देखी व्यवस्था, दिए निर्देश

झाबुआ। झाबुआ के नवागत कलेक्टर डॉ.योगेश तुकाराम भरसट ने पदभार संभालने के दूसरे ही दिन जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को अपनी प्राथमिकता में रखते हुए अस्पताल की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। मरीजों व उनके परिजनों से मिले कलेक्टर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मरीजों के बेड तक पहुंचे और उनसे उनके इलाज की जानकारी ली। इस दौरान एक मरीज के परिजन ने मोबाइल चोरी होने की शिकायत की। मामले को

गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तुरंत सीसीटीवी कैमरों की जांच करने व शिकायतकर्ता को हर संभव मदद देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। उन्होंने मरीजों का हौसला बढ़ाया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। ब्लड बैंक के लिए मांगी योजना ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ठोस योजना तैयार की जाए, ताकि खून की कमी की स्थिति न बने। कलेक्टर ने सीएमएचओ से स्पष्ट रूप से कहा की साफ सफाई एवं बेहतर इलाज पर ज्यादा ध्यान दिया जाए, आम जन को कोई परेशानी न हो, आज तो मे बता कर आया हु पर अगली बार नहीं बताउगा, जिला अस्पताल को प्रदेश में उच्च कोटि के स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय, प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भारत बघेल, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) महेश मंडलोई और तहसीलदार सुनील डावर सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सभी को अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए।